हिंदी दैनिक

न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 165 देहरादून, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

मोबाइल स्टोरेज यूनिट स्थापित करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

3

मुख्यमंत्री ने 9 नगर निकायों को बांटे अटल निर्मल पुरस्कार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले निर्मल नगरों को अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के 9 निकायों को अटल निर्मल पुरस्कार एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत 05 निकायों को स्वच्छ गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान दून कैंट स्वच्छता चौपाल का लोगो लाँच भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर चार घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि अटल निर्मल नगर पुरस्कार की धनराशि 1 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रूपये की जायेगी, कैंट बोर्ड को भी इसमें सम्मिलित करने के लिए जो प्राविधान होंगे, उसके अनुसार किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को भी आवास बन जाने के बाद सामान के लिए 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। केदारनाथ, बद्रीनाथ एवं गंगोत्री में यात्राकाल के दौरान कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को भोजन एवं गरम वर्दी के लिए अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। केन्द्रीयत सेवा के कर्मचारियों के पेंशन देयकों के भुगतान हेतु राज्य वित्त आयोग से 1 प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने अटल निर्मल नगर पुरस्कार के लिए चयनित नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण

2022 में बेहतर प्रदर्शन कर इन निकायों ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पाकर हमारे प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए 9 निकायों का चयन होना उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय प्रदेश के दर्पण हैं। हम अपने निकायों में कैसे और बेहतर कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में निरन्तर प्रयासों की जरूरत है। 2025 तक उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य बनाने में निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उत्तराखण्ड का समग्र विकास सभी प्रदेशवासियों की सामुहिक जिम्मेदारी है, इसमें सबको अपना योगदान देना है।

शहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए निकायों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। बड़े मंच पर पुरस्कार मिलने से गौरव की अनुभूति होती है। इससे अन्य निकायों को भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर कुल 06 पुरस्कार मिले यह एक बड़ी उपलब्धि है। अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2022-23 हेतु निकायों का श्रेणीवार चयन स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में किए गये प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जिसमें नगर निगम देहरादून को प्रथम, नगर निगम रूड़की को द्वितीय एवं नगर निगम ऋषिकेश को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर निगमों को क्रमशः 20 लाख, 15 लाख एवं 10 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गई। नगर पालिकाओं में नगर पालिका मुनिकीरेती को प्रथम, नगर पालिका नरेन्द्रनगर को द्वितीय एवं डोईवाला को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर पालिकाओं को क्रमशः 15 लाख, 10 लाख एवं 08 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गई। नगर पंचायतों में नगर पंचायत नन्दप्रयाग को प्रथम, नगर पंचायत सुल्तानपुर को द्वितीय एवं नगर पंचायत गूलरभोज को तृतीय पुरस्कार मिला। इन नगर पंचायतों को क्रमशः 10 लाख, 07 लाख एवं 05 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण -2022 में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत 05 निकायों को स्वच्छता गौरव सम्मान प्रदान किया। जिसमें नगर निगम हरिद्वार को राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले गंगा शहरों में प्रथम स्थान, छावनी परिषद् लण्ढौर को छावनी परिषद् श्रेणी में अधिकतम सिटीजन फीडबैक हेतु प्रथम स्थान, नगर पालिका परिषद् रामनगर को नॉर्थ जोन के 50 हजार से 01 लाख जनसंख्या वाले शहरों में फास्टेस्ट मूवर सिटी पुरस्कार, नगर पालिका परिषद् डोईवाला को नॉर्थ जोन के 15 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में फास्टेस्ट मूवर सिटी पुरस्कार एवं नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर को नॉर्थ जोन के 15 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में बेस्ट सस्टेनेबल सिटी पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाराज को कामयाबी, जल्द अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का स्वप्न होगा साकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/नई दिल्ली , 20 दिसम्बर , प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, पंचायती राज, जलागम प्रबंधन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिष्टाचार भेंट करने के साथ-साथ उन्हे उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आवश्यकता के विषय में अवगत कराया।प्रदेश के पर्यटन , संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके कार्यालय में पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।

उन्होने उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आवश्यकता के विषय में केंद्रीय मंत्री से चर्चा करने के साथ-साथ फ्लाइटों में यात्रियों को स्थानीय व्यंजन परोसे जाने का भी अनुरोध किया।वरिष्ठ मंत्री महाराज ने बातचीत के दौरान केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री से कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड उत्तर भारत में पर्यटन, योग एवं आस्था का प्रमुख केन्द्र है।

हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री यहीं स्थित हैं। हरे भरे और घने जंगल इसे नेशनल पार्क और वाइल्डलाइफ अभ्यारणों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। राज्य के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की नितान्त आवश्यकता

■ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को लेकर महाराज की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट

है।पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थापित किए जाने हेतु एक स्थान पर 1200 हेक्टेयर और दूसरे स्थान पर 1100 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सतपाल महाराज को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थापित करने के संबंध में पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि आप प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें।

इस कार्य में उनका पूरा सहयोग प्रदेश को मिलेगा।इस मौके पर रीवा रियासत के महाराज पुष्पराज सिंह ने भी उनसे भेंट कर विभिन्न प्रदेशों जैसे उत्तराखंड और मध्य प्रदेश स्थित बिंद के स्थानीय व्यंजनों को स्थानीय फ्लाइटों में यात्रियों को परोसने जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने सी.एम. हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा में दिए निर्देश

अब 15 दिन के अंतराल में आयोजित होगी ऐसी बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसम्बर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित अवधि में निस्तारण के निर्देश दिये हैं। यह पोर्टल औपचारिक नहीं बल्कि जन समस्याओं के समाधान का कारगर माध्यम बने, सभी विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने प्रत्येक 15 दिन में हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की शासन स्तर पर समीक्षा करने के भी निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री प्रति सप्ताह सभी जनपदों के कुछ शिकायतकर्ताओं से भी वार्ता कर शिकायतों के क्रियान्वयन का फीडबैक लेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में सीएम हेल्पलाइन 1905 में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के साथ सभी प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सचिव शैलेश बगोली एवं अपर सचिव जगदीश काण्डपाल द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से इससे सम्बन्धित व्यवस्थाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि

सीएम हेल्पलाइन 1905 आम जन की सुविधा तथा जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि हमारा उद्देश्य है। लोगों की संतुष्टि के लिये यदि इसमें कुछ सुधार की जरूरत हो तो वह भी की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में ऊधमसिंह नगर के शिकायतकर्ता सुनील तथा रूद्रप्रयाग के वीरेन्द्र सिंह से वार्ता कर जानकारी भी प्राप्त की यही नहीं मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन 1905 पर फोन कर कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने इस व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों को भी और अधिक प्रशिक्षित किये जाने की भी जरूरत बतायी।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या का समाधान माना जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आगामी 10 दिनों में लम्बित समस्याओं के समाधान का प्रयास किये जाएं। उन्होंने यह

■ मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं एवं हेल्पलाइन 1905 पर स्वयं वार्ता कर परखी व्यवस्थायें

■ मुख्यमंत्री प्रति सप्ताह सभी जनपदों के कुछ शिकायतकर्ताओं से करेंगे दूरभाष पर वार्ता।

व्यवस्था बनाने को भी कहा कि शिकायतकर्ता को उनकी शिकायतों पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी समय पर उन्हें उपलब्ध करायी जाय।उन्होंने कहा कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को हो यह भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने जन समस्याओं का समाधान ई ऑफिस के माध्यम से किये जाने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों, विभागाध्यक्षों एवं जिलाधिकारियों से भी नियमित रूप से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद करने को कहा। इससे लोगों में शिकायतों के प्रति संतुष्टि का स्तर बढ़ेगा तथा उन्हें तथ्यों की सही जानकारी भी प्राप्त होगी।मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया के तहत बेहतर तथा औसत कार्य करने वाले विभागों के चिन्हीकरण के भी निर्देश दिये ताकि इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों की वस्तुस्थिति भी सामने आ सके।

देवभूमि : देवताओं का न्यायालय 'महासू देवता मंदिर', मिलता है इंसाफ़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसंबर , देवभूमि उत्तराखंड के कण कण में देवताओं का वास है। पहाड़ों में मंदिर , शिवालय और मठ की लम्बी श्रंखला है। ऐसी ही एक प्रसिद्ध देवता है जिन्हे चार देवताओं का समूह माना जाता है। गढ़वाल मंडल के उत्तरकाशी के हनोल क्षेत्र में टौंस नदी के तट पर महासू देवता का है। दरअसल महासू देवता एक नहीं चार देवताओं का सामूहिक नाम है और स्थानीय भाषा में महासू शब्द महाशिव का ही पर्याय है। चारों महासू भाइयों के नाम बासिक महासू, पबासिक महासू, बूठिया महासू (बौठा महासू) और चालदा महासू हैं। ये सभी भगवान शिव के ही रूप हैं।महासू देवता की पूजा केवल उत्तराखंड में ही नहीं होती, बल्कि हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में इनकी अत्यधिक मान्यता है और जब उत्तरकाशी के महासू देवता मंदिर में मेला लगता है तो उसमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से बड़ी तादाद में श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। महासू देवता की पूजा के लिए उत्तराखंड के उत्तरकाशी, जौनसार-बावर क्षेत्र, रंवाई के साथ हिमाचल प्रदेश के शिमला सिरमौर, सोलन, बिशैहर और जुब्बल तक से श्रद्धालु आते हैं। महासू न्याय के देवता माने जाते हैं और उनके मंदिर को न्यायालय के तौर पर माना जाता है।

दूरदराज से लोग महासू देवता के मंदिर में न्याय की याचना करते हैं और महासू उनके साथ न्याय कर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। महासू देवता के उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कई मंदिर हैं जिनमें अलग-अलग रूपों की अलग-अलग स्थानों पर पूजा होती है। टौंस नदी के बाएं तट पर बावर क्षेत्र में हनोल में मंदिर में बूठिया महासू (बौठा महासू) तथा मैंद्रथ नामक स्थान पर बासिक महासू की पूजा होती है।पबासिक महासू की पूजा टौंस नदी के दायें तट पर बंगाण क्षेत्र में स्थित ठडियार, जिले उत्तरकाशी नामक स्थान पर होती है। जौनसार बावर क्षेत्र चकराता के रहने वाले सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के

उपनिदेशक केएस चौहान का कहना है कि महासू देवता मंदिर उत्तराखंड की प्रकृति की गोद में बसा एक पौराणिक व प्रसिद्ध मंदिर हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अनुसार महासू मंदिर हनोल में 9वीं से 10वीं शताब्दी का बताया गया है।

उत्तरकाशी के हनोल में टोंस के किनारे स्थित महासू देवताओं का मुख्य मंदिर है और इस मंदिर में मुख्य रूप से बूठिया महासू (बौठा महासू) तथा मैन्द्रथ नामक स्थान पर बासिक महासू की पूजा होती है। पबासिक महासू की पूजा टौंस नदी के दाएं तट पर बंगाण क्षेत्र में स्थित जनपद उत्तरकाशी के ग्राम ठडियार नामक स्थान पर होती है। सबसे छोटे भाई चालदा महासू भ्रमण प्रिय देवता है।

मंदिर के पुजारी हेतु कठोर नियम होते हैं जिनका पुजारी को पालन करना होता है। पूजन काल में पुजारी सिर्फ एक समय भोजन करता है। बूठिया महासू के हनोल मन्दिर में निनुस, पुट्टाड़ और चातरा गांव के पुजारी पूजा करते हैं। जबकि मैंद्रथ स्थित बासिक महासू के मंदिर में निनुस, बागी और मैंद्रथ गांव के पुजारी पूजा करते हैं। दोनों मंदिरों में प्रत्येक गांव के पुजारी बारी बारी से एक-एक महीने तक पूजा करते हैं और इस अवधि में होना पूजन के सभी नियमों का श्रद्धापूर्वक



पालन करना पड़ता है। टौंस नदी के दाएं तट पर उत्तरकाशी जिले के बंगाण क्षेत्र में ठडियार क्षेत्र में स्थित पबासिक महासू के मंदिर में केवल डगलू गांव के पुजारी पूजा करते हैं।

हनोल मंदिर तीन कक्षों में बना हुआ है। मंदिर में प्रवेश करते ही पहला कक्ष (मंडप) एक आयताकार हाल है जिसमें बैठकर बाजगी पारंपरिक नौबत बजाते हैं। क्योंकि मंदिर के मुख्य मंडप में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। महिलाएं इसी कक्ष में बैठकर महासू देवता के दर्शन, पूजा-अर्चना करती है और यही प्रसाद लेती हैं। इस कक्ष की आंतरिक दीवार पर एक छोटा सा द्वार है जिससे केवल पुरुष श्रद्धालु ही मुख्य मंडप में प्रवेश कर सकते हैं। मुख्य मंडप एक बड़ा वर्गाकार कमरा है जिसमें बाई तरफ चारों महासुओं के चारों वीर कफला वीर (बासिक महासू), गुडारु वीर (पबासिक महासू), कैलू वीर (बूठिया महासू) तथा शैडकुडिया वीर (चालदा महासू) के चार छोटे छोटे पौराणिक मंदिर स्थित हैं। इसी कक्ष में मंदिर के पुजारी तथा तथा अन्य भक्त बैठते हैं, जहां पर महासू देवता अवतरित होकर भक्तों की समस्याओं का निपटारा करते। मंदिर के इसी कक्ष में गर्भगृह के लिए छोटा सा दरवाजा है जिसके अंदर केवल पुजारी ही प्रवेश कर सकते हैं। गर्भगृह के अंदर भगवान शिव के प्रतिरूप महासू देवता की मूर्ति स्थापित है। गर्भगृह में स्वच्छ जल की एक अविरल धारा बहती रहती है। मंदिर में आए भक्तों को यह जल प्रसाद के रूप में दिया जाता है।

इस गर्भगृह में एक दिव्य ज्योत अखंड रूप से जलती रहती है।मुख्य मंदिर अर्थात गर्भगृह पूर्णतया पौराणिक है तथा पुरातत्व विभाग के अनुसार इसका छत्र नागरशैली का बना हुआ है। इस मंदिर की निर्माण शैली इसे उत्तराखंड के अन्य मंदिरों से भिन्न तथा विशिष्ट स्थान प्रदान करती है क्योंकि इसके सभी लकड़ी और धातु से निर्मित छतरियों से बने हुए हैं। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के इतिहासकार प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता के अनुसार वास्तुकला की दृष्टि से महासू देवता के मंदिर का निर्माण नौवीं शताब्दी के आस-पास का है। यह मंदिर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की साझा संस्कृति का प्रतीक है।

बर्फ़बारी का मज़ा लेना है तो पहुंचिए औली की वादियों में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 20 दिसंबर , इस राज्य को जितना दिल से कुडतर ने संवारा है शायद वो खूबसूरती कहीं और आपको नहीं मिलेगी। यही वजह है कि देश भर से पर्यटक इसी देवभूमी को निहारने सर्दियों में पहुँचते हैं। ऐसे में बात अगर सर्दियों के सीजन की करें तो नये साल (new year 2023) पर बर्फबारी देखने का एहसास ही कुछ और है। भारत के 'मिनी स्विट्जरलैंड' औली की सैर इस ट्रिप को और भी रोमांचक बना देती है। इस हिल स्टेशन को घूमने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी पर्यटक आते हैं. साल 2023 के पहले महीने में आप यहां ताजा बर्फबारी का लुत्फ उठा सकते हैं और बर्फ से ढके पहाड़ों को निहार सकते हैं.यहां की खूबसूरती टूरिस्टों को मंत्रमुग्ध कर देती है. आप नये साल (Happy New Year 2023) पर स्विट्जरलैंड नहीं जा सकते, तो औली दिल्ली-एनसीआर से ज्यादा दूर नहीं है और आपके लिए एकदम परफेक्ट डेस्टिनेशन है. यहां की खूबसूरती के आगे स्विट्जरलैंड भी फेल है. एक बार यहां की सैर करके तो देखिये. उत्तराखंड में स्थित उत्तराखंड (Auli Hill station uttarakhand) समुद्र तल से 3,056 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है.यह हिल स्टेशन बद्रीनाथ के रास्ते में स्थित है. यहां एशिया की सबसे लंबी केबल कार है जो कि 4 किमी लंबी है. इस केबल कार में बैठकर पर्यटक औली के अद्भुत प्राकृतिक

दृश्यों का आनंद लेते हैं और बर्फ से ढकी चोटियों के दृश्य देखते हैं. देवदार और चीड़ के वृक्ष,सेब के बाग इस हिल स्टेशन की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं. यहां से टूरिस्ट कई पर्वत श्रृंखलाओं को देख सकते हैं. औली के पास कई तीर्थस्थल हैं जिनमें आदि गुरु शंकराचार्य की तपस्तली जोशीमठ, नंदप्रयाग और रुद्रप्रयाग है.

त्रिशूल पर्वत

समुद्र तल से 23490 फीट ऊपर स्थित त्रिशूल पर्वत औली का प्रमुख आकर्षण है. इस पर्वत का नाम भगवान शिव के त्रिशूल से लिया गया है.

सोलधार

तपोवनसोलधार तपोवन औली का यह प्रमुख पर्यटन स्थल है.

नंदा देवी

नंदा देवी भारत का सबसे ऊंचा पर्वत है जिसकी ऊंचाई 7,817 मीटर है. इस चोटी को घेरे हुए नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान भी है जहां पर्यटक जा सकते हैं.

आर्टिफिशियल लेक

औली में टूरिस्ट आर्टिफिशियल लेक भी देख सकते हैं. यह दुनिया की सबसे ऊंची मानव निर्मित झीलों में से एक है.

जोशीमठ

जोशी मठ औली से 12 किलोमीटर की दूरी पर है. यह बद्रीनाथ और फूलो की घाटी का प्रवेशद्वार माना जाता है. जोशीमठ शहर को 'ज्योतिर्मठ' के नाम से भी जाना जाता है. यहां पर शंकराचार्य का मठ और अमर कल्प वृक्ष है. माना जाता है कि यह वृक्ष लगभग 2,500 वर्ष पुराना है.

मोबाइल स्टोरेज यूनिट स्थापित करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

WFP के तकनीकी सहयोग से संवरेगी उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों में खाद्यान्न आपूर्ति : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसंबर , आज प्रदेश की खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों की मंत्री रेखा आर्या ने खाद्य विभाग एवं WFP(वर्ल्ड फ़ूड प्रोग्राम)द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जहां वर्ड फ़ूड प्रोग्राम के बारे में विभिन्न वक्ताओं ने इसकी उपयोगिता और किये गए कार्यो के बारे में विस्तृत से बताया।खाद्य मंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारत में विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के सहयोग से, पहाड़ी राज्य अपने टीपीडीएस की आपूर्ति श्रृंखला का अनुकूलन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जिसकी पहुंच 300 से अधिक तक है। हरिद्वार में अनाज के भंडारण के लिए 500 मीट्रिक टन क्षमता वाली मोबाइल स्टोरेज यूनिट (MSU) को सफलतापूर्वक स्थापित करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। हाल के कुंभ मेले के दौरान, MSU ने राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग को खाद्यान्न की निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम बनाया।खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खाद्य विभाग और वर्ल्ड फ़ूड प्रोग्राम के मध्य वर्ष 2020 के फरवरी माह में विभिन्न बिन्दुओ को लेकर एक MOU पर हस्ताक्षर हुए थे जिनके तहत परिवहन की लागत में कमी के लिए सम्पूर्ण टीपीडीएस नेटवर्क की आपूर्ति का ऑप्टिमाइजेशन

करना, भंडारण हानियों को कम करने के लिए मोबाइल भंडारण इकाइयों के उपयोग करना, डेटा संग्रह के लिए एक मोबाइल एप का उपयोग करना सहित कई शामिल हैं जिसमे से वर्ल्ड फ़ूड प्रोग्राम(WFP)द्वारा एक मोबाइल स्टोरेज यूनिट हरिद्वार जनपद के ज्वालापुर गोदाम में स्थापित की जा चुकी है साथ ही एक नैनीताल के रामनगर में स्थापित किया जाना है जिसका कार्य प्रगति पर है।

वहीं इसके अलावा WFP ने एक मोबाइल एप खाद्य विभाग को उपलब्ध कराया है जिससे विभाग के 196 गोदामो तथा करीब 9100 दुकानों के जीओ कॉर्डिनेट्स लिए गए हैं। कहा कि इसी प्रकार से WFP व खाद्य विभाग द्वारा देहरादून जनपद के धर्मपुर में ग्रीन एटीएम की स्थापना की गई है,राज्य में डोर स्टेप डिलीवरी हेतु जीपीएस ट्रैकिंग एप उपलब्ध कराया गया है जो वर्तमान में 15 गोदामों पर सफलतापूर्वक चल रहा है साथ ही PMGKAY के प्रचार प्रसार हेतु बैनर पोस्टर भी उपलब्ध कराये गए हैं।खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करने से राज्य को नई ऊंचाईयां प्राप्त होंगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने पूर्व में भी कई राज्यों के साथ मिलकर कार्य किया है किन्तु उत्तराखण्ड का भौगोलिक स्वरूप आपूर्ति श्रृंखला एवं गोदाम प्रबन्धन को बहुत बड़ी चुनौती प्रस्तुत करता है और प्रभावित करता है लेकिन ऐसे कार्यक्रम निश्चित ही आपदा के समय में आने वाली समस्याओं में दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों को भी खाद्यान्न की कमी को दूर करने में कारगर सिद्ध होते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम में Country Director Un World Food Programme Eric kenefick , डायरेक्टर Ericsson India Global राजेश गुप्ता ,Ericsson India Global के कंपनी सचिव अमित शंकर कश्यप , सचिव खाद्य एवं बृजेश कुमार संत , एडिशनल कमिश्नर खाद्य पीएस पांगती सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश के 2000 छात्र छात्राओं को 150 टीचर कैरियर गुरु की ट्रेनिंग देंगेः शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसम्बर , शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा है कि दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के बाद विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में जाने के लिए तमन्ना एप्टिट्यूड टेस्ट से 150 शिक्षकों द्वारा 2000 बच्चों को करियर काउंसलिंग दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने नवोदय विद्यालय रायपुर देहरादून की वर्चुअल स्टूडियो में द करियर गुरु प्रोग्राम के उद्घाटन अवसर पर कहा कि अभी प्रदेश में 2000 बच्चों को इससे जोड़ा जाएगा। एनसीईआरटी के माध्यम से तमन्ना एप्टिट्यूड टेस्ट पूरे देश भर में और राज्य में करवाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं यह तय कर पाएंगे कि उन्हें किस दिशा में आगे बढ़ना है ।

उन्होंने कहा कि आठवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी वोकेशनल कोर्स चुन सकते हैं जिसको लेकर 400 स्कूलों में वोकेशनल क्लासेज शुरू की जा रही है। स्नातक के पश्चात विद्यार्थी चॉइस आधारित विषय चुन सकते हैं, अर्थात साइंस, सांख्यिकी और कला संकाय के विषयों को चुन सकते हैं।शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा कि अब जल्द ही गुजरात सरकार की तर्ज पर उत्तराखंड में भी विद्या समीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं।

विद्या समीक्षा केंद्र के द्वारा शिक्षक और छात्र छात्राओं के पठन-पाठन की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो पाएगी। कक्षा में शिक्षक किस प्रकार छात्र छात्राओं को पढ़ा रहे हैं और बच्चा कैसे शिक्षा ग्रहण कर रहा है, ट्रांसफर एवं प्रमोशन सब ऑनलाइन हो जाएंगे। शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड के 40 लाख छात्र छात्राओं की हेल्थ आईडी बनाने का कार्य चल रहा है। हेल्थ आईडी के माध्यम

से बच्चे का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाएगा। हर स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम आकर यह हेल्थ आईडी बनाने जा रही है । हेल्थ आईडी बनने के बाद ऑनलाइन चिकित्सक की परामर्श ले पाएंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं 200 स्कूलों का निरीक्षण कर चुके हैं। सरकार प्राइमरी स्कूलों को ₹5000 खेल सामग्री और ₹5000 पुस्तकालय के लिए दिए जा रहे हैं। जूनियर हाई स्कूल को ₹10000 और इंटरमीडिएट को ₹20000 दिए जा रहे हैं। शासकीय स्कूलों के साथ अब अशासकीय स्कूलों को भी ड्रेस जूते और किताबें मुफ्त सरकार देने जा रही है। सचिव बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शेवनिंग एलुमनाई फण्ड से इस प्रोजेक्ट के लिए 05 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि आसरा ट्रस्ट विगत 13 वर्षों से देहरादून की सड़कों, मलिन बस्तियों तथा समाज के सबसे वंचित बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। आसरा ट्रस्ट बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास, पोषण, चिकित्सा तथा निराश्रित बच्चों के लिए आश्रय गृह का संचालन करता है। उन्होंने कहा इसी दिशा में आसरा ट्रस्ट, प्रदेश के 10वी 12वी कक्षा के छात्र एवं छात्राओं के सही प्रकार से करियर चयन हेतु मार्गदर्शन करनेशेवनिंग एलुमनाई फण्ड द्वारा वित्तपोषित ₹द करियर गुरु कार्यक्रम का संचालन करने जा रहा है।इस अवसर पर शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में टॉप मेरिट लिस्ट में राजकीय विद्यालयों के बच्चों का नाम अवश्य आना चाहिए। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के सभी ऑनलाइन जुड़े अध्यापकों से कहा कि बच्चों को पढ़ाने के साथ ही प्रैक्टिस पेपर नियमित करवाएं। इस अवसर पर आसरा ट्रस्ट की चेयरमैन शाहिला ब्रजनाथ ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत करियर काउंसलिंग प्रदान करने वाली संस्था ₹आई ड्रीम करियर के माध्यम से उत्तराखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को तमन्ना एप्टीट्यूड टेस्ट एवं करियर काउंसलिंग द्वारा छात्र एवं छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा । शिक्षक अपने विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के साथ तमन्ना एप्टीट्यूड टेस्ट का प्रयोग करेंगे। इसके उपरांत परीक्षा के रिपोर्ट एवं छात्र छात्राओं के रुझान के अनुसार उनका मार्गदर्शन भी किया जायेगा।

कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के निर्देश : युगल किशोर पंत, डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर 20 दिसम्बर , जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने राष्ट्रीय पोषण अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने हेतु महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज तथा पेयजल विभाग आपसी समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को गर्भवती एवं धात्री माताओं हेतु पूरक पोषाहार समय से उपलब्ध कराने, शिशु स्वास्थ्य एवं बाल आहार देने तथा सन्तुलित आहार के प्रति जनता को जागरूक करने के निर्देश दिये। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, एमसीपी कार्ड एवं प्रसव उपरान्त मातृ-शिशु देखभाल हेतु परामर्श देने, प्रतिरक्षण, स्वास्थ्य जांच, संस्थागत प्रसव एवं स्तनपान अनिवार्यता के बारे में जागरूक करने, पूरक पोषाहार की महत्ता व खाने के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक माह की 05 तारीख को वजन पोषण दिवस पर गर्भवती, धात्री एवं 07 माह से 03 वर्ष तक के बच्चों की वृद्धि निगरानी करने, अतिकुपोषित, कुपोषित बच्चों के अभिभावकों से कुपोषण मुक्ति हेतु सीधा संवाद करने के निर्देश बाल विकास विभाग को तथा वजन लेने व लम्बाई नापने, ग्रोथ चार्ट पर वजन अंकन करने, अभिभावकों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श देने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये। जिलाधिकारी ने बाल वाटिका वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका भी बनाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कुपोषण की समस्या समाधान हेतु सुनहरे प्रथम 1000 दिनों (गर्भावस्था के 270 दिन, प्रसव उपरान्त 0 से 06 माह तक 180 दिन, बच्चे के 6 माह से 2 वर्ष तक 550 दिन) पर विशेष फोकस, जिसके अन्तर्गत गर्भावस्था

में शिशु के जन्म से 6 माह तक सिर्फ स्तनपान, 06 माह पर अन्न प्राशन कर 02 वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान कराने के हेतु जागरूकता लाने के निर्देश बाल विकास विभाग को दिये। डीएम ने गर्भावस्था की स्वास्थ्य जांच, टीटी का टीका, हिमाग्लोबिन जांच, आईएफए टेबलेट वितवरण करने, एमसीपी कार्ड बनवाने, पंजीकरण संख्या अंकित करने व कार्ड में सूचनाओं का अंकन करने, संस्थागत प्रसव तथा जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलानें के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने ईसीसी दिवस आयोजित करने, विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक करने करने एवं परामर्श देने, के निर्देश दिये। उन्होंने स्पन्दन केन्द्रों की गतिविधियों, मुख्यमंत्री बाल पोषण अभियान, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं विकास-प्री-स्कूल गतिविधियों के बारे महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, जल संस्थान, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में सर्वे के अनुसार शून्य से 05 वर्ष तक के 195389 बच्चे हैं, जिनमें से 3266 बच्चे कुपोषित तथा 248 बच्चे अतिकुपोषित हैं। बैठक परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य आदि उपस्थित थे।

11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता के भव्य एवं सफल आयोजन का समापन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसम्बर , पुलिस लाइन देहरादून में उत्तराखंड पुलिस द्वारा आयोजित 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी चैंपियनशिप 2022 के समापन समारोह की शुरुआत में खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट एवं तीरंदाजी प्रदर्शन कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) श्री गुरमीत सिंह का भव्य स्वागत किया गया 1 मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए मा0 राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) श्री गुरमीत सिंह ने तीरंदाजी की विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया 1 उन्होंने कहा कि तीरंदाजी एक महत्वपूर्ण खेल है ,जिसका सेना एवं पुलिस में विशेष स्थान है 1 उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित दृढ़ इच्छा शक्ति एवं एकाग्रता की सराहना की 1 उन्होंने तीरंदाजी के खेल को बौद्धिक कौशल एवं एकाग्रता का खेल बताया 1 इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक,उत्तराखंड अशोक कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर 10 वर्ष पूर्व शुरू हुई तीरंदाजी की प्रतियोगिता का प्रथम बार सफल एवं भव्य मेजबानी उत्तराखंड पुलिस के द्वारा की गई 1 उन्होंने कहा कि 14 दिसंबर 2022 से शुरू हुई 05 दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 26 प्रदेशों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं पैरामिलिट्री की टीमों के 316 खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया 1 उन्होंने बताया कि 05 दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान समस्त टीमों के खिलाड़ियों एवं अन्य सपोर्ट स्टाफ को राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराकर उत्तराखंड राज्य की संस्कृति से भी रूबरू कराया गया 1इस मौके पर आई0बी0 की अपर निदेशक सपना तिवारी द्वारा उत्तराखंड पुलिस को प्रतियोगिता के सफल आयोजन की बधाई दी गई 1 प्रतियोगिता के आयोजन सचिव पुलिस उपमहानिरीक्षक निदेशक यातायात मुख्तार मोहसीन द्वारा समस्त खिलाड़ियों,आयोजन समिति,विशेष तौर पर उत्तराखंड तीरंदाजी संघ के सचिव श्री राजेंद्र तोमर एवं उनकी तकनीकी समिति का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया 1 इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी डॉ पी0वी0 के0प्रसाद ,अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था डॉ वी0 मुरुगेशन, मौजूद रहे 1तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आई0टी0बी0पी0 व द्वितीय स्थान राजस्थान पुलिस की टीम को प्राप्त हुआ 1 महिला वर्ग में प्रथम स्थान बी0एस0एफ को द्वितीय स्थान आसाम राइफल व तृतीय स्थान सी0आर0पी0एफ को प्राप्त हुआ 1 पुरुष वर्ग में अर्जुन पुरस्कार विजेता राजस्थान पुलिस के रजत चौहान एवं आई0टी0बी0पी के तुषार सिल्के संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज रहे 1 महिला वर्ग में बी0एस0एफ0 की टूटू मोनी बोरो ने प्रथम स्थान पाकर सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज का पुरस्कार प्राप्त किया 1 उत्तराखंड की टीम की रैंकिंग भी पिछली चैंपियनशिप के मुकाबले बेहतर रही 1 उत्तराखंड पुलिस की तीरंदाजी टीम पिछले वर्ष के 12वीं स्थान के मुकाबले वर्तमान तीरंदाजी प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही 1 11वीं ऑल इंडिया पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता के दौरान उत्तराखंड पुलिस के खिलाड़ियों ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया 1 उत्तराखंड पुलिस की तीरंदाजी टीम द्वारा कुल 05 पदक अपने नाम किए गए 1 जिनमें 01 गोल्ड , 02 सिल्वर और 02 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे 1

पासवर्ड के लिए हो रहा है 'Pass-word' का उपयोग, सावधानी बरतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसंबर , ऐसा लगने लगा है कि लोग अभी भी 2022 में अजीब से पासवर्ड का उपयोग कर रहे हैं। हर साल, यह पता चलता है कि यूजर कमजोर पासवर्ड का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि वे अपनी गलतियों से सीखने को तैयार नहीं हैं। कमजोर या आसानी से अनुमान लगाने योग्य पासवर्ड हैकर्स के लिए आपका डेटा या कोई भी जानकारी चुराना आसान बना सकते हैं, जो आपको भारी पड़ सकता है।नॉर्डपास ने 2022 के लिए अपनी वार्षिक सबसे आम पासवर्ड लिस्ट शेयर की है, जिससे पता चलता है कि भारत में करीब 3.5 लाख लोग साइन अप करने के लिए पासवर्ड के रूप में ₹पासवर्ड₹ का ही उपयोग कर रहे है। रिपोर्ट में आश्चर्यजनक रूप से यह भी दिखाया गया है कि बिगबास्केट को 75,000 से अधिक भारतीयों द्वारा पासवर्ड के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

इस साल के टॉप 10 सबसे कॉमन पासवर्ड हैं

123456, bigbasket, पासवर्ड, 12345678, 123456789, pass@123, 1234567890, anmol123, abcd1234 और googledummy



रिपोर्ट के मुताबिक, ये पासवर्ड हजारों यूजर्स इस्तेमाल कर रहे हैं। केवल भारत में ही नहीं बल्कि लगभग 30 देशों में भी ऐसा ही कुछ हो रहा है । रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में गेस्ट, वीआईपी, 123456 और अन्य जैसे पासवर्ड का इस्तेमाल बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, ₹हर साल, रिसर्च करने वाले एक ही पैटर्न देखते हैं - लोग लोकप्रिय नामों का उपयोग कर रहे हैं, जो काफी कमजोर पासवर्ड हैं और हैकर के काम को बहुत आसान बना देंगे।

भारत की सरगम कौशल 21 साल बाद लाए भारत में मिसेज वर्ल्ड का ताज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 20 दिसंबर , सरगम कौशल को मिसेज वर्ल्ड 2022 नामित किया गया, 63 देशों के सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने 21 साल बाद खिताब वापस भारत लाया। जम्मू की एक महिला 21 साल बाद मिसेज वर्ल्ड का ताज भारत वापस लाई है। सरगम कौशल को शनिवार को लास वेगास के रिसॉर्ट में पेजेंट 2022 का विजेता घोषित किया गया।आपको बता दे , 32 वर्षीय सरगम कौशल एक मॉडल होने के अलावा एक पेंटर और कंटेंट राइटर भी हैं। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में मास्टर डिग्री और शिक्षा में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।कौशल के पिता एक सेवानिवृत्त बैंकर हैं। उसने उसे जीवन में बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करने का श्रेय दिया। और उसने अदिति गोवित्रिकर के 21 साल बाद मिसेज वर्ल्ड का खिताब घर लाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।उसने कहा कि उसके पिता हमेशा उससे कहते थेः ₹तुम अलग हो, मैं इसे तुम्हारी आँखों में देखता हूँ। आप जीवन में बड़ी चीजों के लिए बने हैं। चीजें जो लोग हासिल करना चाहते हैं, लेकिन करने की हिम्मत नहीं रखते। आपके दिल में वह साहस है और आपके पेट में आग है।₹इस साल की शुरुआत में मिसेज इंडिया का खिताब जीतने के बाद उन्होंने लिखा थाः ₹जब तक मैं जीत नहीं गई तब तक मुझे नहीं पता था कि मैं इन शब्दों के साथ न्याय कर पाऊंगी या नहीं₹।कौशल की शादी एक नेवी ऑफिसर से हुई है और वह मुंबई में रहते हैं। मिसेज इंडिया प्रतियोगिता के दौरान उनके जीवन के सबसे ₹खूबसूरत और संतोषप्रद₹ चरण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह शादी थी।₹मैं एक अद्भुत व्यक्ति से मिली और हम एक सुंदर जीवन साझा करते हैं,₹ उसने कहा। ₹हम एक दूसरे को बेहतर इंसान बनाते हैं। वह मेरी ताकत और मेरी रीढ़ हैं।₹

नैनीडांडा विकासखंड को पिछड़ा क्षेत्र घोषित करे धामी सरकार : धीरेंद्र प्रताप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 दिसंबर , नैनीडांडा विकासखंड को पिछड़ा क्षेत्र घोषित कर इस को आरक्षण दिया जाए यह मांग उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पूर्व दर्जा प्राप्त काबीना मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने की है धीरेंद्र प्रताप देहरादून में नैनीडांडा क्षेत्र विकास समिति के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि धुमाकोट को चरागाह बताकर जिस तरह से वहां के बाजार को बेदखल किया जा रहा है वह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है और कांग्रेस सड़क से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले में संघर्ष करेगी। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की मांग की इस समारोह को उनके अलावा देहरादून के विधायक विनोद चमोली देहरादून के मेयर श्री गामा और समिति के अध्यक्ष सतीश घिल्डियाल और सचिव अर्जुन पटवाल ने भी संबोधित किया ।समारोह को प्रसिद्ध गायिका संगीता धौंडियाल ने अपने गीतों से गुंजायमान कर दिया समारोह में 1000 से ज्यादा नैनीडंडा के लोगों ने भाग लिया।

क्या आपने कभी सोचा है कि शतरंज का खेल कब और कैसे शुरू हुआ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 20 दिसंबर ,दुनिया भर में न जाने कितने खेल खेले जाते हैं, कुछ खेल शारीरिक होते हैं, कुछ मानसिक, कुछ खेल तकनीकी मदद से खेले जाते हैं, कुछ खेल भौतिक चीजों के समावेश से खेले जाते हैं, इनमें से एक खेल सबसे दिलचस्प है और मानसिक चेतना को मजबूत करता है। करने का खेल शतरंज का खेल है।

आपने भी कभी न कभी शतरंज खेला होगा, लेकिन क्या आपने कभी शतरंज के इतिहास पर गौर करने का मन बनाया है, अगर नहीं तो आज टीवी न्यूज़ वायरस आपको शतरंज के इतिहास और इसकी शुरुआत के बारे में बताने जा है ।शतरंज के खेल का इतिहास क्या है ?शतरंज का खेल कैसे शुरू हुआ होगा ? शतरंज के प्यादे कैसे बनते होंगे। सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि शतरंज के खेल

